मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 111
रविवार, 03 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## सत्तारूढ़ दलों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा पुलिस वाहनों का इस्तेमालः शरद पवार



**मुंबई, 02 नवम्बर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने यहां गोविंदबाग में अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस मामले पर सार्वजनिक तरीके से और बात करना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि इससे उन अधिकारियों को ठेस पहुंचेगी, जिन्होंने यह जानकारी उनसे साझा की है।

पवार के पोतों और पार्टी के उम्मीदवारों युगेंद्र पवार (बारामती) और रोहित पवार (करजात-जामखेड़) भी संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे। पवार परिवार हर साल गोविंदबाग में मिलता है, लेकिन इस साल उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनका परिवार इसमें शामिल नहीं हुआ। पवार ने दावा किया, हमें कई जिलों से, अधिकारियों से पता चला है कि सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवारों को चुनाव के लिए वित्तीय सहायता मिल रही है, पुलिस वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी ऐसा कहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की खासियत यह है कि इसके नेता विमान के जरिए ए और बी फॉर्म भेजते हैं। पवार ने कहा कि वह ए और बी फॉर्म का जिक्र कर रहे थे जो किसी भी पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य हैं। दरअसल खबरें आई थीं कि शिंदे ने विमान का उपयोग करके ए और बी फॉर्म भेजे थे।

## ओडिशा में दो वाहनों की टक्कर में छह लोगों की मौत, पांच घायल



**ओडिशा, 02 नवम्बर।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार तड़के एक वाहन के ट्रक से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना हेमगिरि पुलिस थाने के अंतर्गत गायकनापाली इलाके के पास हुई।

यात्रियों को ले जा रही एक वैन ट्रक से टकरा गई थी। उन्होंने बताया, कीर्तन समूह के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। ऐसा संदेह है कि इलाके में धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई।

कीर्तन पार्टी दिवाली के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए चक्कपलाई गांव गई थी और कार्यक्रम केबाद अपने गांव लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि ये लोग सुंदरगढ़ जिले के कंडागोडा और समरपिंडा गांव से थे। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की मांग करते हुए सड़क जाम कर दी।

## रेल मंत्री वैष्णव ने यात्री सुविधाओं की समीक्षा के लिए नयी दिल्ली स्टेशन का दौरा किया



**नई दिल्ली, 02 नवम्बर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार शाम को त्योहारी सीजन के दौरान यात्री सुविधाओं और यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के लिए नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। प्लेटफॉर्म पर अपनी रेलगाड़ियों का इंतजार कर रहे कुछ यात्रियों से बात करने के बाद वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल अधिकारियों द्वारा भीड़ प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया।

कुछ यात्रियों ने यह भी कहा कि उचित भीड़ प्रबंधन के कारण उन्हें प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं हुई। वैष्णव ने पत्रकारों से बात करते हुए सुगम यात्रा अनुभव के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने स्टेशन पर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए यात्रियों की भी सराहना की। वैष्णव ने बताया कि पिछले साल भारतीय रेलवे ने दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान 4,500 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया था जबकि इस साल 7,435 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, 31 अक्टूबर तक 51 लाख लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इन विशेष रेलगाड़ियों से यात्रा कर चुके हैं।

## सबकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**गोरखपुर, 02 नवम्बर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि उनकी सरकार सबकी समस्या के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और बिना भेदभाव के सबको न्याय मिलेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाने वाले कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

## मध्यप्रदेश के हरदा में ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की मौत

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो भाईयों सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात को जिला मुख्यालय से करीब 16 किलोमीटर दूर टिमरनी क्षेत्र में उरा और खिड़कीवाला गांवों के बीच हुई।

पुलिस उपमंडल अधिकारी आकंझा तलैया ने ह्यपीटीआई-भाषाह्ल को बताया कि गौतम कौशल (21), उनके भाई प्रीतम (19), जुनैद खान (18) और यशराज मंडलेकर (19) मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरदा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि तभी विपरीत दिशा से आ रहा खाद से भरा एक ट्रक दोपहिया वाहन से टकराकर पलट गया। उन्होंने बताया कि चालक मौके से फरार हो गया। मृतक भाइयों के चाचा राजेश कौशल ने बताया कि दोनों भाई अपने परिजनों को बताए बिना किसी काम से टिमरनी से हरदा शहर चले गए थे। जिला अस्पताल के डॉ. मोहम्मद इरफान ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कर दिया गया है और शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी और यूनान के उनके समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूनान के उनके समकक्ष कायरियाकोस मित्सोताकिस ने हाल में उच्च स्तरीय मुलाकातों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई गति की सराहना की है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि दोनों नेताओं ने भारत एवं यूनान की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

फोन पर की गई बातचीत के दौरान मित्सोताकिस ने आम चुनावों में मोदी के पुनः निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस वर्ष के प्रारंभ में मित्सोताकिस की भारत यात्रा के बाद व्यापार, रक्षा, नौवहन और संपर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की।बयान में बताया गया कि दोनों नेताओं ने आईएमईईसी (भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा) और पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## अन्नकूट महोत्सव रू 14 कुंतल मिष्ठान से किया गया बाबा विश्वनाथ का श्रृंगार



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में अन्नकूट के मौके पर बाबा विश्वनाथ का भव्य श्रृगार किया गया। यह पर्व हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस वर्ष अन्नकूट पर्व के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव का 14 क्विंटल मिष्ठान अर्पित किया गया है। बाबा के इस श्रृंगार में विभिन्न प्रकार की मिठाइयां शामिल हैं। मध्यान्ह भोग आरती में यह विशिष्ट भोग श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित किया गया। भोग लगने के उपरांत प्रसाद श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया गया। श्री काशी विश्वनाथ धाम में भोग आरती के बाद प्रसाद वितरण अन्नकूट पर्व का एक महत्वपूर्ण अंग है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि अन्नकूट पर्व केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं हैए बल्कि यह सनातन एकताए सनातन बंधुत्व भाव और दान के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस दिनए भक्तगण एकत्र होकर न केवल श्री काशी विश्वनाथ जी की आराधना करते हैंए बल्कि एक.दूसरे के साथ मिलकर पर्वोल्लास का आदान.प्रदान भी करते हैं। यह पर्व सनातन धर्मियों में परस्पर एकजुटता और स्नेह द्वारा सनातन समाज में समृद्धि बढ़ाने का भी संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति और प्रेम के साथ सभी सनातनधर्मी एक वृहद सनातन परिवार के सदस्य हैं।

अन्नकूट पर्व उत्सव पर भगवान शंकरए गौरी माताए गणेश जी की पंचबदन रजत चल प्रतिमा की भव्य आरती मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण द्वारा श्री विश्वेश्वर प्रांगण स्थित भगवान सत्यनारायण विग्रह के बगल विद्वान आचार्यगण एवं शास्त्रीगण के पौरोहित्य में संपन्न की गई। तत्पश्चात भव्य डमरू वादन के साथ पीएसी बैंड बाजे की तुमुल ध्वनि नाद के मध्य पंचबदन चल प्रतिमा की शोभायात्रा भगवान सत्यनारायण मंदिर से गर्भगृह तक संपन्न कर भगवान विश्वनाथ की मध्याह्न भोग आरती विधि विधान पूर्वक संपन्न की गई।

मां अन्नपूर्णा के दरबार के साथ ही काशी के मंदिरों में अन्नकूट सजा और भक्तों ने माता के दर्शन कर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्तों ने माता अन्नपूर्णा के दरबार में जयकारे लगाए डमरू बजाया और माता से आशीर्वाद मांगा। पांच दिवसीय स्वर्ण प्रतिमा के दर्शन के आखिरी दिन माता का दरबार छप्पन भोग से सजा। माता का विशेष श्रृंगार किया गया आरती उतारी गई इसके साथ ही अब अगले साल दर्शन होंगे लिहाजा पूरे साल धन धान्य से पूर्ति का आशीर्वाद मांगा गया। कथा पर गौर करें तो माता अन्नपूर्णा के दरबार में बाबा विश्वनाथ ने काशी के भरण के लिए भिक्षा मांगी थी।

मान्यता है कि आज भी कहा जाता है कि मां के आशीर्वा से काशी में कोई भूखा नहीं सोता। माता के धाम में पांच दिन तक भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने दर्शन पूजन के साथ खजाना प्राप्त किया।






# अधिक बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा मौन

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है।

नायडू के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिए। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडू द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लड ? की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। फैमिली वेकेशन पैकेज

दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढ़कर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की ये संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉमूर्ले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉमूर्ला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू को हर हाल में आंध्रप्रदेश में अपने वोट बैंक को मजबूत रखना है। मुख्यमंत्री नायडू को इससे फर्क नहीं पड़ता कि भाजपा उनके बारे में क्या सोचती है। नायडू से समर्थन लेने की गरज भाजपा की है, नायडू की नहीं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री नायडू ने आंध्रप्रदेश में जब मुस्लिमों को मिला आरक्षण नहीं हटाए जाने की घोषणा की तब भी भाजपा से बोलते नहीं बन पड़ा। भाजपा को पता है कि नायडू से पंगा लेने का मतलब केंद्र सरकार का गिरना तय है। नायडू की पार्टी के 16 सांसदों का समर्थन केंद्र की भाजपा सरकार को हासिल है। इसलिए नायडू को भाजपा और केंद्र सरकार की परवाह नहीं है।

नायडू ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ही राज्य में मुस्लिम समुदाय को चार प्रतिशत आरक्षण देने के अपने रुख को दोहराया दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा। टीडीपी प्रमुख का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तेलंगाना के जहीराबाद में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए उस बयान के कुछ दिनों बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह धर्म के आधार पर दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कोटा मुसलमानों को नहीं दिए जाने देंगे। गौरतलब है कि इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक की ओबीसी सूची में मुस्लिम समुदाय को शामिल किए जाने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली सिद्धारमैया सरकार के फैसले की निंदा की थी। मध्य प्रदेश की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया और कहा, एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। इस कदम से ओबीसी समुदाय को आरक्षण के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित कर दिया गया है। रिकॉर्ड बताते हैं कि कर्नाटक में यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल द्वारा लागू किया गया था।

दिलचस्प बात यह है कि चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी की तरह ही देवगौड़ा की जद (एस) अब भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। भविष्य की राजनीति बचाने के लिए की जा रही नायडू और स्टालिन की कवायद से सवाल भी खड़े होते हैं। इसमें प्रमुख सवाल यही है कि क्या दोनों मुख्यमंत्री दो से ज्यादा बच्चे पैदा होने वाले बच्चे के पालन-पोषण का भार वहन करेंगे। क्या ऐसा करने वाले दंपत्ति को सरकार अतिरिक्त सुविधाएं मुहैया कराएगी। जब तक सरकार ऐसी जिम्मेदारी उठाने को तैयार नहीं होगी, तब तक इनकी सलाह मानने वाले परिवारों को तमाम बोझ उठाना पड़ेगा। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दो से अधिक बच्चे होने पर जिम्मेदारी उठाने का जिक्र तक नहीं किया। इसी तरह भाजपा ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई। तमिलनाडु के मामले में हो सकता है कि भाजपा जरूर कोई बयान देती किन्तु पहल आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के करने से पासा पलट गया। भाजपा की मजबूरी बन गई, नायडू के मामले में दूर रहना।

# ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद

हाल ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है। भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैंकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। चीन के अपने पड़ोसी




देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों।

ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन (इफ्क्क्ठ) थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस इफ्क्क्ठर का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है, को भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं। भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए। क्योंकि, चीन के इतिहास को देखते हुए उस पर आज भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। भारत ने हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को निर्धारित किया है। चीन के साथ भारत के सम्बंध सुधरने के पश्चात इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो सकती है। परंतु, यह कार्य फिर भी बहुत सोच समझकर ही करना होगा। चीन के साथ भारत का विदेशी व्यापार अत्यधिक मात्रा में ऋणात्मक ही है। भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में चीन से 12,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के उत्पादों का आयात किया था, परंतु भारत से चीन को निर्यात बहुत ही कम मात्रा में हो रहे हैं तथा चीन द्वारा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बहुत कम मात्रा में ही किए जा रहे हैं। चीन, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की सूची में 22वें स्थान पर है और भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.37 प्रतिशत की ही है। यह सही है कि चीन के साथ बॉर्डर समझौते के बाद चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ सकता है परंतु भारत को चीन के इतिहास को देखते हुए अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच आज भारत का कद तो बढ़ ही रहा है, साथ ही, आज विश्व के कई देशों द्वारा यूरोप एवं अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने ब्रिक्स समूह की बैठक में बताया है कि विश्व के कई देश आज ब्रिक्स समूह की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं। इस प्रकार, ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिणी अफ्रीका) एवं शंघाई समूह आदि संगठन बहुत तेजी से अपने प्रभाव को वैश्विक स्तर पर बढ़ा रहे हैं। दरअसल, आज अमेरिका सहित यूरोपीयन देशों (फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन आदि) की आर्थिक परिस्थितियां लगातार बिगड़ती जा रही हैं और इन देशों की आर्थिक प्रगति धीमे धीमे कम हो रही है और ये देश मंदी की चपेट में आने की ओर आगे बढ़ रहे हैं जबकि आर्थिक विकास की दृष्टि से यह सदी अब भारत की होने जा रही है। आने वाले समय में, वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वार्षिक वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 16 प्रतिशत तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अतः विश्व के कई शक्तिशाली देश आज भारत के साथ अपने सम्बन्धों को मजबूती देना चाहते हैं, इसी के चलते ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच भी भारत का कद अब बढ़ता दिखाई दे रहा है।

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा,



कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है। शुरूआती दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है। व्यावसायिक रूप से किए जाने वाले उपयोग का लाभ जनजाति समाज को न मिलकर इसका पूरा लाभ समाज के अन्य वर्गों के लोग ले रहे हैं। उक्त वनस्पतियों एवं उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग करने के बाद से ही प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर शोषण किया जाने लगा है क्योंकि कई उद्योगों द्वारा उक्त उत्पादों का कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। इससे ध्यान में आता है कि जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है।

हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया। भूमि साफ कर इसे कृषि योग्य बनाया और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया। विकास की धारा में आगे बढ़ते हुए धीरे-धीरे विभिन्न गावों एवं कस्बों का निर्माण किया।

आज भी जनजाति समाज की अधिकांश जनसंख्या दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती है। इन इलाकों में संचार माध्यमों का अभाव है। हालांकि धीरे धीरे अब सभी प्रकार की सुविधाएं इन सुदूर इलाकों में भी पहुंचाई जा रही हैं। परंतु, अभी भी जनजातीय समाज कृषि सम्बन्धी उन्नत विधियों से अनभिज्ञ है। सिंचाई साधनों का अभाव एवं उपजाऊ भूमि की कमी के कारण ये लोग परम्परागत कृषि व्यवस्था को अपनाते रहे हैं और इनकी उत्पादकता बहुत कम है। जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वच्छंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।

जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है।

हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके।

भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद तक आसान बनाया जा सके।

# सीएम सिद्धारमैया का आदेश, किसानों को दिए गए नोटिस लिए जाएंगे वापस

किसानों के बीच तनाव कम करने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अधिकारियों को वक्फ भूमि मुद्दों से संबंधित सभी नोटिस तुरंत वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्णय एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद आया जिसमें राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और वक्फ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, जिसमें किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया था।

मुख्यमंत्री ने कुछ अधिकारियों की हालिया कार्रवाइयों पर अपना असंतोष व्यक्त किया, उन्होंने सुझाव दिया कि जद (एस) और भाजपा दोनों राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वक्फ मुद्दे का फायदा उठा रहे हैं, जिससे संभावित रूप से राज्य की शांति को खतरा हो सकता है। सिद्धारमैया ने जनता से इस मामले से जुड़ी किसी भी भ्रामक जानकारी को नजरअंदाज करने का आग्रह किया और अधिकारियों से इस मुद्दे पर संवेदनशीलता के साथ संपर्क करने का आह्वान किया।

बैठक के प्रमुख निर्णयों में शामिल है कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े भूमि रिकॉर्ड के संबंध में किसानों को भेजे गए सभी नोटिस बिना किसी देरी के वापस लिए जाएं।

अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि किसानों को उनकी जमीन के संबंध में कोई परेशानी न हो और उचित सूचना या कानूनी प्रक्रिया के बिना भूमि रिकॉर्ड (पहानी) में किए गए किसी भी अनधिकृत परिवर्तन को तुरंत उलट दिया जाना चाहिए।

बैठक में कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा, मुख्य सचिव राजेंद्र कटारिया और वक्फ बोर्ड के सीईओ जिलानी सहित प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## मुंबई : अंधेरी की एक झुग्गी बस्ती में लगी आग



**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी उपनगर की एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार शाम को भीषण आग लग गई। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि रात आठ बजे आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियां अंधेरी ईस्ट के भंगारवाड़ी पहुंचीं। उन्होंने बताया कि आग संभवतः झुग्गी बस्ती में स्थित एक गोदाम में लगी थी। आग बुझाने का काम जारी है। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## गोरेगांव सीट पर भाजपा और उद्धव गुट की शिवसेना के बीच होगा सीधा मुकाबला

**मुंबई।** इस महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी है। राज्य में चुनाव एक चरण में 20 नवंबर को होना है। वहीं चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर पहले से ही कस ली है। सीट बंटवारे को लेकर महायुति-महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने सीटें भी तय कर ली है। 288 विधानसभा क्षेत्र वाले इस राज्य में चुनाव प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने शासन-प्रशासन को दिशा- निर्देश दे दिया है। वहीं बीजेपी अपने 148 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुका है। तो वहीं उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने 80 उम्मीदवारों और शिंदे गुट की शिवसेना 65 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है।

चुनाव को सभी क्षेत्रीय दल से लेकर राष्ट्रीय दल जीत के लिए जनता के द्वार पहुंच रहे हैं। अब जनता किसे अपना नेता चुनेगी ये तो चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा। लेकिन किस विधानसभा में किस पार्टी के उम्मीदवार को जनता ने अपना नेता चुना है, और आगे किस पार्टी के उम्मीदवार को अपना नेता चुनेगी। आज हम आपके लिए गोरेगांव विधानसभा सीट का समीकरण लेकर उपस्थित हुए हैं। जहाँ भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार विद्या ठाकुर लगातार चौथी जीत दर्ज करने को बेताब हैं। यह विधानसभा सीट 1978 से अस्तित्व में है। गोरेगांव निर्वाचन क्षेत्र मुंबई उपनगरीय जिले में स्थित 26 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। गोरेगांव मुंबई उपनगरीय जिले और मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस सीट पर अब तक 10 बार चुनाव हो चुका है। यहां सबसे ज्यादा शिवसेना का दबदबा रहा है। इसके बाद बीजेपी की। वहीं कांग्रेस महज एक बार ही इस सीट पर जीत हासिल कर पाई है। आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो, हम देख पाएंगे कि 1978 से गोरेगांव विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा बार शिवसेना जीती है। वहीं लगातार पिछले दो बार से बीजेपी जीत रही है। इस बार सीट पर महाविकास अघाडी ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और महायुति से बीजेपी को टिकट मिला है यानी मुकाबला शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और बेजेपी के बीच है। बता दें कि बीजेपी ने मौजूदा विधायक विद्या ठाकुर को एक बार फिर से टिकट दिया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई/पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक्टूबर, 2024 में 7,045 यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है, जो पिछले साल (अक्टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ती है। कंपनी के न्यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान- देश में किसी भी यात्री कार निमार्ता द्वारा मासिक बिक्री का उच्चतम हिस्सा- एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। स्वच्छ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी ०?हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईवी मार्केट की चमक को बढ़ाया है। ये मजबूत बिक्री आंकड़ें, अक्टूबर 2024 के दौरान बेची गईं अन्य सभी यात्री इलेक्ट्रिक कारों में सबसे ज्यादा है। पिछले महीने की गई अपनी घोषणा के अनुरूप कंपनी वाहन पोर्टल पर अपनी बिक्री संख्या का खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहन पोर्टल के मुताबिक, कार निमार्ता की इस महीने सालाना वृद्धि 34 प्रतिशत (तेलंगाना को छोड़कर) रही है।

## अमेजन ने भारतीय लघु व्यवसायों के लिए अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी और एआई -संचालित इनोवेशन के लिए लॉन्च किया संभव हैकथॉन 2024

**मुंबई/पटना।** अमेजन इंडिया ने आज अमेजन संभव हैकथॉन 2024 के लॉन्च की घोषणा की, जो ई-कॉमर्स में भारतीय लघु और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के लिए अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी और एआई-संचालित इनोवेशन को आगे बढ़ाने से जुड़ी राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता है। यह हैकथॉन भारत में कंपनी के प्रमुख वार्षिक शिखर सम्मेलन के पांचवें संस्करण, अमेजन संभव 2024 की तैयारी का हिस्सा है, और देश भर के इनोवेटर को भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

अमेजन ने स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (एनआईएफ) - इंडिया और एनआईएफ इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल (एनआईफाइनट्रेक) के साथ भागीदारी की है, ताकि देश के दूर-दराज के इलाके के इनोवेटर में मौजूद अपार संभावनाओं का समर्थन किया जा सके।

# कालीना विधानसभा में अमरजीत सिंह को सभी समाज का समर्थन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारतीयों के लिए प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान की सीट कही जाने वाली कालीना विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर चुनाव लड़ रहे अमरजीत सिंह के लिए यह चुनाव पिछले चुनाव की तरह मुश्किल भरा चुनाव नहीं है। पिछले चुनाव में लोकप्रिय उत्तर भारतीय नेता कृपाशंकर सिंह कांग्रेस के टिकट पर मैदान में खड़े थे। ऐसे में उत्तर भारतीय मतों का बंटवारा हुआ, जिसका पूरा फायदा शिवसेना प्रत्याशी संजय पोतनीस को मिला था। परंतु इस बार स्थितियां पूरी तरह से भिन्न है। कृपाशंकर सिंह भारतीय जनता पार्टी में हैं और इसके साथ उत्तर भारतीय मतदाता भी पूरी तरह से संगठित नजर आ रहा है। उत्तर भारतीय मतदाताओं को मालूम है कि उत्तर भारतीय प्रत्याशी को कितनी मशक्कत के बाद टिकट मिला है। ऐसे में वे किसी भी कीमत पर यहां से अमरजीत सिंह को भारी मतों के साथ विधानसभा भेजना चाहते हैं। कालीना में बड़ी संख्या में रहने वाले उत्तर भारतीय मुस्लिम भी अमरजीत सिंह के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। भाजपा की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लोगों पर अच्छा प्रभाव दिखाई दे रहा है। लाडली बहना योजना के चलते बड़ी संख्या में मराठी महिलाएं भाजपा के पक्ष में खुलकर सामने आ रही हैं। साफ सुथरी छवि और बेदाग चरित्र के चलते अमरजीत सिंह मतदाताओं की पसंद बनते जा रहे हैं। पिछला चुनाव हारने के बाद भी अमरजीत सिंह लगातार विधानसभा क्षेत्र में डटे रहे। लोगों के दुख सुख में सहभागी होते रहे। उनके व्यवहार का भी उन्हें फायदा मिलता दिखाई दे रहा है। ऐसे में इस बार इस विधानसभा से कमल खिलने की पूरी संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

## ओबेन इलेक्ट्रिक की 'रॉर ईजी' 7 नवंबर को लॉन्च होगी

**मुंबई।** भारत की प्रमुख घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी में से एक ओबेन इलेक्ट्रिक ने अपनी बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रॉर ईजी का एक रोमांचक टीजर पेश किया है। यह मोटरसाइकिल 7 नवंबर 2024 को लॉन्च होने वाली है। रॉर ईजी रोजाना राइड करने वालों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन साबित होने वाली है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मोटरसाइकिल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फील्ड में उत्साह की नई लहर लाएगी। हालांकि मोटरसाइकिल रॉर ईजी की डिटेल्स अभी सामने नहीं आई हैं। ऐसी उम्मीद है कि रॉर ईजी कन्वीनियंस, डिजाइन, परफॉरमेंस और कंफर्ट के मामले में एक बेहतर मोटरसाइकिल साबित हो सकती है। रॉर ईजी के साथ ओबेन इलेक्ट्रिक का उद्देश्य रोजाना के सफर के एक्सपीरियंस को ऊंचाई पर ले जाना और इलेक्ट्रिक सफर के फ्यूचर को नए सिरे से परिभाषित करना है। ईजी में स्टेट ऑफ द आर्ट पेटेंटेड हाई परफॉरमेंस वाली एलएफपी बैटरी तकनीक होगी, जो अपने बेहतरीन हीट रेसिस्टेंट, लंबी उम्र और भारत के विभिन्न मौसम में बेहतर परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती है। ओबेन इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में एलएफपी बैटरी तकनीक का इनोवेशन किया है, जिससे बाइक हाई सेफ्टी स्टैण्डर्ड को बनाए रखते हुए बेहतर परफॉर्मेंस देती है।

ओबेन इलेक्ट्रिक की सफलता के पीछे आरएंडडी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता है। यह ब्रांड आरएंडडी से लेकर बैटरी, मोटर्स, व्हीकल कंट्रोल यूनिट्स और फास्ट चार्जर जैसे सभी जरूरी चीजों का प्रोडक्शन करता है। इतना ही नहीं, ब्रांड सभी चीजों की सटीकता, गुणवत्ता और बाजार में होने वाले बदलावों को लेकर भी तुरंत रिस्पांस देती है।

## उल्हासनगर में कुमार आयलानी की ताकत बढ़ी



**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी जिल्हा कार्यालय मे भारत के पंतप्रधान नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास रख कर व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी के कार्य को देखते हुये विधायक कुमार आयलानी ,भाजपा जिल्हा अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के अध्यक्षता मे टीओके की पूर्व नगरसेविका दीपा नारायण पंजाबी व अविनाश पंजाबी ने आपणे कार्यकतायी के साथ भाजपा में प्रवेश किया है.इस अवसर पर नरेंद्र राजानी,मनोहर खेमचंदानी, लक्की नाथानी, दिनेश पंजाबी आदी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे थे।

# जी.एम.मोमिन विमेंस कालेज भिवंडी की छात्राओं ने मतदान जागरुकता रैली का किया आयोजन

**आचार्य सूरजपाल यादव**



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** जी.एम.मोमिन वीमेंस कालेज की छात्राएं आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सोमवार 28 अक्टूबर 2024 को मतदान जागरुकता रैली काआयोजन किया । महाविद्यालय के आजीवन शिक्षा एवं विस्तार विभाग (डीएलएलई) इकाई द्वारा आयोजित रैली और मतदाता शपथ कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया जी एम मोमिन वीमेंस कॉलेज से शुरू होकर धामनकर नाका तक गई इस रैली का उद्देश्य मतदान प्रतिशत बढ़ाना और मतदाताओं में जागरूकता पैदा करना था । छात्राओं ने सड़कों पर मार्च करते हुए बहुत उत्साह दिखाया और 'राष्ट्र के लिए वोट, 'मेरा पहला वोट देश के लिए' और 'चुनाव का पर्व , देश का गर्व, जैसे उत्साहवर्धक नारे लगाए । रैली से पहले विद्यार्थियों ने मतदाता शपथ ली और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का वादा किया । प्राचार्य डॉ. तबस्सुम शेख और कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाने के लिए इस पहल का समर्थन किया । आजीवन शिक्षा एवं शिक्षण विभाग की समन्वयक डॉ. वैशाली निर्मलकर ने कार्यक्रम की देखरेख की । कार्यक्रम का प्रबंधन दीबा बेग ने किया , जिसमें रूबी पटेल, डॉ. हिना मोमिन और तौसीफ ढोले सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा । कॉलेज के अधिकारियों ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे छात्र समझें कि मतदान करना कितना महत्वपूर्ण है ।जब युवा लोग मतदान करते हैं, तो वे हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मदद करते हैं । रैली ने स्थानीय समाज के लोगों तक पहुंचकर विधानसभा चुनाव में मतदान के महत्व के बारे में एक अच्छा संदेश दिया ।जी.एम.मोमिन वीमेंस कालेज छात्रों को बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में हमेशा प्रयासरत है जो लोकतंत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए राष्ट्र को नई बुलंदियों तक पहुंचाने की क्षमता रखते हैं।

## एस व्ही फाउंडेशन द्वारा आश्रम बाल स्नेहालय के बच्चों को किया उपयोगी सामानों का वितरण



**ठाणे (उत्तर शक्ति)।** एस व्ही फाउंडेशन द्वारा दिवाली के शुभ अवसर पर आश्रम बाल स्नेहालय में छोटे-छोटे बच्चों के साथ उत्सव मनाने के लिए उन्हें रंग-बिरंगे छोटे पटाखे, नए कपड़े, और अनेक प्रकार की मिठाईयां एवं अन्य खाद्य पदार्थो को वितरित किया गया । इस अवसर पर

दिवाली का महत्व तथा बच्चों के लिए खुशी और आनंद की समृद्धि और सुख की कामना मां लक्ष्मी से की गई। समाज सेवी रतन मिश्रा ने शिक्षा और जागरूकता के बारे में बच्चों को बेहतर ढंग से बताया।मिश्रा जी ने बच्चों को जागरूक भी किया। एस व्ही फाउंडेशन द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा । यह भविष्य में बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदत करता है। इस विशेष कार्य को करने के लिए समय-समय पर परम पूजनीय पिता श्री वशिष्ठ नारायण मिश्रा, रतन मिश्रा, उद्योगपति अरविंद गिरी, अभिषेक मिश्रा सचिन मिश्रा, जितेंद्र गिरी, योगेश मिश्रा ,हर्ष सिंह, कृष्ण ठाकुर, विशाल त्रिपाठी ,विशाल संग्रणी, आशीष दुबे ,दीपक सिंह ,सिद्धार्थ पांडे एवं निलेश मिश्रा आदि गणमान्यों का सहयोग रहा । यह शुभ कार्य प्रतिवर्ष निरंतर पांच वर्षो से किया जाता है। ऐसे ही एस व्ही फाउंडेशन द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष बाल आश्रम स्नेहालय, वृद्धाश्रम और देश की रक्षा करने वाले जवानों के साथ भी मनाया जाता है।

## आहेर ऑटो शोरूम का लाइसेंस 7 दिनों के लिए कैंसल

### कोनगांव स्थित आहेर ऑटो कस्टमर के साथ किया धोखाधड़ी

**चेतन निर्मल संवाददाता**



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** एक ग्राहक को डैमेज गाड़ी बेचकर धोखाधड़ी करने के मामले में परिवहन आयुक्त कार्यालय के आदेश पर कल्याण उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने आहेर कार शोरूम का लाइसेंस 7 दिनों के लिए कैंसल कर दिया है। कल्पेश रमेश संते नामक ग्राहक ने उनके साथ धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत परिवहन आयुक्त से की थी। इस मामले में परिवहन विभाग द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद शोरूम का लाइसेंस निलंबित किया गया है। साथ ही आरटीओ ने निलंबन के दौरान नई गाड़ी बेचने पर भी रोक लगा दी है। इस कार्रवाई से ऐन दिवाली के त्योहार में आहेर शोरूम को झटका है।

दरअसल डोंबिवली पूर्व के घारिवली गांव निवासी कल्पेश रमेश संते ने उनकी माता जनाबाई के नाम पर कल्याण-भिवंडी रोड़ पर कोनगांव स्थित आहेर शोरूम से मारुति सुजुकी कंपनी की इन्विक्टो अल्फा प्लस गाड़ी बुक की थी। कल्पेश के मुताबिक गाड़ी की कीमत 35 लाख रुपये थी। गाड़ी खरीदी करते वक्त कल्पेश की नजर में आया कि नई गाड़ी कुछ जगहों पर डैमेज है, जिसे छुपाने के लिए रिपेन्ट किया गया है। डैमेज देखने के बाद उन्होंने गाड़ी खरीदने से इनकार कर दिया और बदले में नई गाड़ी देने की मांग। कल्पेश का आरोप है कि आहेर कंपनी ने पहले गाड़ी बदलकर देने का वादा किया और फिर अपने वादे से मुकर गए।

**चोरी ऊपर से सीनाजोरीः** ग्राहक कल्पेश ने आरोप लगाया कि आहेर कंपनी ने एक झूठे केस में उन्हें फसा दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी ने राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल करके बंदूक दिखाकर धमकाने का फर्जी केस कोनगांव थाने में दर्ज कराया। इस मामले में कल्पेश जेल में बंद थे जो जमानत पर छूटे है।

**परिवहन आयुक्त के आदेश पर लाइसेंस निलंबितः** अपने साथ हुई धोखाधड़ी के संबंध में कल्पेश ने परिवहन आयुक्त से शिकायत कर जांच की मांग की। जिसका संज्ञान लेते हुए आरटीओ के मोटर वाहन निरीक्षक ने गाड़ी की जांच कर आला अधिकारी को रिपोर्ट पेश किया। निरीक्षक की रिपोर्ट में भी गाड़ी डैमेज होने का जिक्र मौजूद है। जिसके बाद परिवहन कार्यालय ने आहेर कंपनी को नोटिस जारी कर खुलासा मांग। लेकिन कंपनी का खुलासा संतोषजनक नहीं होने पर परिवहन कार्यालय ने आहेर शोरूम का लाइसेंस 7 दिन के लिए कैंसल कर दिया।

**ग्राहक ने लगाई न्याय की गुहारः** इस पूरे मामले में अब ग्राहक कल्पेश ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन को पत्र लिखकर आहेर शोरूम के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मानपाड़ा पुलिस भी बीते तीन दिन से कार्रवाई करने में टालमटोल कर रही है।

## बोईसर के पास अवध नगर में हुआ बड़ा धमाका, चार लोग घायल



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर के पास अवध नगर अंतर्गत अलशिफा गली में स्थित दुबे चाल में बुधवार 30 अक्टूबर 2024 की रात करीब साढ़े दस बजे विस्फोट हो जाने से चार लोग घायल हो गए। इस विस्फोट में घायल सभी लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं इस विस्फोट वाली जगह के पास स्थित कई मकानों की दीवारों में दारार हो जाने के साथ ही साथ खिड़की, दरवाजे सब टूट के धराशाई हो गए हैं। जोरदार हुए धमाके के कारण घरों में रखे सामान भी सब तीतर - बितर हो गए। विस्फोट की वजह से आस - पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं स्थानीय लोगों ने हुए इस विस्फोट की घटना के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताई है। फिलहाल बोईसर पुलिस के साथ ही साथ अन्य जांच एजेंसियां इस घटना के सही कारणों का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

## शाइना एनसी के खिलाफ दिए बयान पर अरविंद सावंत ने मांगी माफी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत ने शिवसेना नेता शाइना एनसी के खिलाफ अपनी आयातित माल टिप्पणी के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। आज मुंबई में मीडिया को संबोधित करते हुए, सावंत ने कहा कि वह कभी भी किसी महिला का अपमान नहीं करेंगे और कहा कि उनके बयानों की अलग-अलग व्याख्या की गई। अपने बयान में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मेरे ऊपर कुछ आरोप लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है। हम कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं करेंगे। यूबीटी सांसद ने आगे कहा कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मैंने एक महिला का अपमान किया है, मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं किया है। मेरे एक बयान का अलग मतलब निकाला गया। अगर मेरे बयान से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि जानबूझ कर अलग मतलब निकाल कर मुझे निशाना बनाया जा रहा है, मुझे इस बात का दुख है लेकिन फिर भी अगर मेरे बयान से किसी की भावना को ठेस पहुंची है तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। देश में महिलाओं का सम्मान पार्टी के हिसाब से नहीं देखा जा सकता।इससे पहले आज, शिव सेना नेता शाइना एनसी ने शिव सेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत की आयातित माल टिप्पणी की कड़ी निंदा की, जिसमें कहा गया कि महिलाओं का वस्तुकरण, और महिलाओं की विनम्रता को अपमानित करना कोई छोटी समस्या नहीं है। मीडिया से बात करते हुए, शिवसेना नेता शाइना ने कहा कि नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने की धारा 79 और 356(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. चुनाव आयोग और महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। यह महिलाओं के सम्मान की लड़ाई है। महिलाओं का वस्तुकरण करना, और महिलाओं की मयार्दा को ठेस पहुंचाना कोई छोटी समस्या नहीं है। वीडियो में सच्चाई सबके सामने होगी लेकिन ये मानसिकता और विकृत मानसिकता दिख रही है।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।**

**पत्राचार कार्यालयः**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




**स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति** द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। **RNI NO. MAHHIN/2018/76092** ***संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति,** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com,**

## मशीन की साफ्टीन में फसी महिला की हुई मौत

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** खुटहन ब्लाक मुख्यालय के बगल लोहार की पाही पर शुक्रवार की शाम चूड़ा कूटने की मशीन के साफ्टीन में फंसकर एक अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। स्वजनों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा के बाद शव अंत्येष्टि हेतु उन्हें सौंप दिया। पिलकिछा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। खुटहन गांव निवासी रामलुटावन गुप्ता उक्त पाही के पास चूड़ा कूटने की मशीन लगाये हुए हैं।जो डीजल इंजन से संचालित है। इसी के सामने फुटपाथ पर वे दुकान लगाकर बच्चों के कपड़े बेंचते है। यहां तमाम किसान धान से चूड़ा बनवाते हैं। इससे जो कमाई होती है उसी से उनका परिवार पलता है। शुक्रवार को उनकी 52 वर्षीया पत्नी सावित्री देवी मशीन चालू कर धान का चूड़ा बना रही थी। उनके साड़ी का आंचल इंजन से लगी साफ्टीन में फंस गया। वह संभल पाती कि साड़ी लपेटने के साथ वह भी साफ्टीन से चिपक गई। वह गोल गोल साफ्टीन के साथ घूमने लगी। वहां खड़े लोग दौड़ कर इंजन बंद किए।लेकिन तब तक सिर व शरीर में गंभीर चोटें आने से सावित्री की मौत हो गई।

## गौराबादशाहपुर में हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित एक अभियुक्त गिरफ्तार




**गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** डॉ0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), अरविन्द कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत कुमार रजक के निर्देश के अनुपालन मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 250/2024 धारा 3, 191(3), 131, 103(2), 61(2)(ं) BNS व 7 CLA Act थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश यादव पुत्र लालता यादव जो कि उ0नि0 के पद पर थाना मवाना जनपद मेरठ मे कार्यरत है पूछताछ हेतु थाना स्थानीय पर बुलवाये गये है, जिनसे पूछताछ किया गया तथा नामित अभियुक्त राजेश यादव के मो0नं0 से घटना से एक दिन पूर्व तथा घटना के बाद कई बार मुकदमा उपरोक्त के नामित अभियुक्तगण से वार्ता का किया जाना पाया गया तथा अभियुक्त उपरोक्त द्वारा उक्त जघन्य घटना का योजना बनाकर षड़यंत्र रचित करके घटना कारित कराना प्रमाणित हो रहा है। अभियुक्त उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुए हस्व कायदा, वजाफ्ता पुलिस हिरासत में समय करीब 14.45 बजे दिनांक 02.11.2024 को लिया गया। अभियुक्त राजेश कुमार यादव उपरोक्त का अन्तर्गत धारा 191(3),131,103(2),61(2)(ं) BNS व 7 CLA Act. मे चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है तथा गिरफ्तार अभियुक्त उपनिरीक्षक के पद पर तैनात लोक सेवक है । अतः नियमानुसार गिरफ्तारी की सूचना इनके तैनाती स्थान पर उच्चधिकारीगण को अलग भेजवायी जा रही है तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित शेष वांछित अभि0गण की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

## कांग्रेस के पांच बार रहे नगरसेवक रविराजा हुए भाजपा में शामिल



**मुम्बई (उत्तरशक्ति) ।** सायन कोळीवाड़ा क्षेत्र के मुम्बई महानगर पालिका के कांग्रेस का प्रमुख चेहरा रहे । वार्ड क्रमांक 176 के नगरसेवक रविराजा ने महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और आशिष शेलार के उपस्थित में दिवाली के दिन गुरुवार को सुबह भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। रवि राजा पांच बार लगातार नगर सेवक रहे । और बृहन्मुंबई महानगर पालिका में विपक्ष के नेता पद पर रह कर बहुत ही अच्छे ढंग से कार्य का निर्वाहन किया । रवि राजा कांग्रेस पार्टी में 44 साल सेवा करने के बाद कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया और भाजपा में शामिल हो गए। रवि राजा को भाजपा में मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है। उनके नियुक्ति पर भाजपा मुंबई प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, लालसाहेब सिंह ( लल्लन सिंह ) , दलपति सिंह, कमल मल्होत्रा, विनय गठानी, आशिष रत्ती , नितेश अहुजा , मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## एस व्ही फाउंडेशन द्वारा आश्रम बाल स्नेहालय के बच्चों में किया गया उपयोगी सामानों का वितरण



**ठाणे (उत्तरशक्ति) ।** एस व्ही फाउंडेशन द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर आश्रम बाल स्नेहालय में छोटे-छोटे बच्चों के साथ उत्सव मनाने के लिए उन्हें रंग-बिरंगे छोटे पटाखे, नए कपड़े, और अनेक प्रकार की मिठाईयां एवं अन्य खाद्य पदार्थो को वितरित किया गया । इस अवसर पर दीपावली का महत्व तथा बच्चों के लिए खुशी और आनंद की समृद्धि और सुख की कामना मां लक्ष्मी से की गई। समाज सेवी रतन मिश्रा ने शिक्षा और जागरूकता के बारे में बच्चों को बेहतर ढंग से बताया। मिश्रा ने बच्चों को दीपावली मनाने के लिए जागरूक भी किया। एस व्ही फाउंडेशन द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय है । यह प्रेरणा भविष्य में बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदत करता है। इस विशेष कार्य को करने के लिए समय-समय पर समाज सेवी रतन मिश्रा के पिता वशिष्ठ नारायण मिश्रा, उद्योगपति अरविंद गिरी, अभिषेक मिश्रा सचिन मिश्रा, जितेंद्र गिरी, योगेश मिश्रा ,हर्ष सिंह, कृष्ण ठाकुर, विशाल त्रिपाठी ,विशाल संग्रणी, आशीष दुबे ,दीपक सिंह ,सिद्धार्थ पांडे एवं निलेश मिश्रा आदि गणमान्यों का सहयोग रहा । यह शुभ कार्य प्रतिवर्ष निरंतर पांच वर्षों से किया जाता है। ऐसे ही एस व्ही फाउंडेशन द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष बाल आश्रम स्नेहालय, वृद्धाश्रम और देश की रक्षा करने वाले जवानों के साथ भी मनाया जाता है।

## जीवन में रौशनी: मणिपुर के विस्थापितों के चेहरे पर दिवाली ने बिखेरी मुस्कान

**-आदेश मिश्रा**



**मुंबई।** मणिपुर के थौबल जिले के वांगजिंग स्थित लामडिंग हायर सेकेंडरी स्कूल में दिवाली का उत्सव पूरे जोश और उत्साह से मनाया गया। छबी सहयोग फाउंडेशन (नवी मुंबई) और देव देश प्रतिष्ठान (मुंबई) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मणिपुर की मौजूदा चुनौतियों से प्रभावित लोगों को सहयोग देना और उनके जीवन में खुशियाँ बिखेरना था। इस उत्सव में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों और परिवारों के लिए मिठाई और स्नैक्स का वितरण किया गया, जबकि 80 से अधिक छात्रों को शिक्षा के लिए आवश्यक स्टेशनरी भी दी गई। इस पहल ने राज्य के अस्थिर हालात से प्रभावित लोगों के बीच दिवाली का आनंद और उम्मीदें फैलाने का काम किया। इस अवसर पर लामडिंग हायर सेकेंडरी स्कूल रिलीफ कैंप के सचिव ठोकचोम देवन सिंह, और अन्य गणमान्य व्यक्ति हाओबाम किशन सिंह, एन बिलास सिंह, आई हरिदास सिंह, ख रंजीत सिंह, और एन बिहारी सिंह ने आयोजन का धन्यवाद किया। छबी सहयोग फाउंडेशन के महासचिव पार्थ रॉय ने डॉ. वैभव देवगिरकर (अध्यक्ष, देव देश प्रतिष्ठान) और देव देश प्रतिष्ठान एवं छबी सहयोग फाउंडेशन की पूरी टीम की ओर से मणिपुर के लिए शांति और स्थिरता की कामना की, और विस्थापितों के शीघ्र घर वापसी की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में आयोजकों ने मणिपुर के लोगों के लिए अपने दिल की गहराई से शांति और सौहार्द की प्रार्थना की। पार्थ रॉय ने कहा, ढ्ढमणिपुर के लोगों के प्रति हमारा दिल संवेदनाओं से भरा है। इस दिवाली, हम प्रार्थना कर रहे हैं कि मौजूदा स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकले और हर विस्थापित परिवार जल्द ही अपने घर लौटे।ढ्ढ इस आयोजन ने समुदाय में एकता और आशा का माहौल पैदा किया, जिससे लोगों में प्रेरणा और आभार की भावना पनपी। कई लोगों ने इस उत्सव के माध्यम से समुदाय में एक नई एकजुटता की भावना महसूस की। छबी सहयोग फाउंडेशन और देव देश प्रतिष्ठान का यह दिवाली उत्सव मणिपुर में समुदाय के उत्थान के उनके कई प्रयासों में से एक है। आने वाले समय में भी ऐसे कई और सहायता कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

## रिटायर्ड सूबेदार मेजर के घर से 20 लाख की चोरी



**झांसी (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश में झांसी के प्रेमनगर थानाक्षेत्र में एक रिटायर्ड सूबेदार मेजर के सूनसान घर को निशाना बनाते हुए सोने और चांदी के आभूषणों तथा नगदी सहित 20 लाख की चोरी को अंजाम दिया है। मामला प्रेमनगर थानाक्षेत्र में हंसारी चौकी अंतर्गत न्यू गोविंद नगर का है। जहां चोरों ने 2021 में सेना ने रिटायर हुए सूबेदार मेजर संतोष कुमार शुक्ला के घर में लाखों की चोरी को अंजाम दिया है। शुक्ला बांदा जिले के निवासी है लेकिन 2022 से झांसी के न्यू गोविंद नगर में घर बनाकर यही परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह सपरिवार 13 सितंबर को गांव गये थे। जहां पर इनके पिता का 19 सितंबर को पितृपक्ष होने की वजह से श्राद्ध था। घर पर रिश्तेदारों को बुलाने के लिए यह 13 सितंबर को निकल गए 19 सितंबर को संतोष कुमार शुक्ल द्वारा अपने पिता का श्राद्ध किया। 20 सितंबर को इनके पड़ोसी दीपक शर्मा द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दी कि आपके घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है ऐसा लग रहा है कि कोई आपके घर में घुसा हुआ है। संतोष कुमार शुक्ल द्वारा तत्काल सूचना 112 नंबर पर दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो घर में कोई नहीं था। 112 पुलिस द्वारा चौकी प्रभारी हंसारी को बुलाया और उन्हें भी अवगत कराया क्योंकि प्रभारी हसारी द्वारा संतोष शुक्ला से बात की चोरी की बात सुनते ही संतोष शुक्ला तत्काल बांदा से निकले और 20 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे घर आ गए। पुलिस को बुलाया गया जब वह अंदर घुसे तो देखा घर के अंदर सारा सामान फैला हुआ पड़ा था। घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। जब उन्होंने छानबीन की तो पता चला की संतोष कुमार शुक्ला की पत्नी नीता शुक्ला और उसकी बहू पूनम शुक्ला का रखा हुआ जेवर चोर चुरा ले गए साथ ही अलमारी के अंदर रखे 30000 नगद भी ले गए। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रेम नगर द्वारा फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया साथ ही साथ तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत किया। चोरों के जगह-जगह नंगे पैरों के निशान थे जिससे मालूम पड़ रहा है कि चोरों द्वारा बरसात होने के दिन रात में चोरी की। छत से आने वाले गेट का भी ताला टूटा हुआ था। संतोष शुक्ला के तीन पुत्र हैं जिसमे बड़ा 30 वर्षीय पुत्र कपिल देव शुक्ला नोएडा में इंजीनियर है। दूसरे नंबर का पुत्र 28 वर्षीय ब्रह्मदेव शुक्ला प्राइवेट टीचर है और यह राम लखन इंटर कॉलेज हंसारी में पड़ता है। तीसरे नंबर का 26 वर्षीय पुत्र बीएएमएस डॉक्टर है और यह मेडिकल पर सिटी अपोलो हॉस्पिटल में इलाज करता है। घटना के बाद सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। घर की सारी जमा पूंजी चोर उड़ा कर ले गऐ।

## सनराइज मसाले ने म्यूजिक वीडियो पेश किया

**गया ।** पूर्वी भारत में मसाला के सबसे प्रमुख ब्रांड आईटीसी लिमिटेड के सनराइज मसाले ने छठ पूजा के मौके पर एक खास म्यूजिक वीडियो पेश किया है। बिहार में छठ पूजा मनाने के लिए यह म्यूजिक वीडियो कंपनी के 'ऊर्जा का वरदान' कैम्पेन के तहत पेश किया गया है। वीडियो में बिहार के इस सबसे लोकप्रिय पर्व के गहरे सांस्कृतिक महत्व को दशार्या गया है। इसी के साथ ही वीडियो में बिहार की परंपराओं और छठ पूरा से जुड़े पारिवारिक बंधन को भी दशार्या गया है। इस म्यूजिक वीडियो का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस त्यौहार का महत्व समझाने और इसे अपनाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। इस म्यूजिक वीडियो को प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका देवी की खूबसूरत आवाज में पेश किया गया है। इस म्यूज़िक वीडियो में लोकप्रिय अभिनेता राजेश कुमार और नेहा मर्दा दिल को छू लेने वाली भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है जो अपने बच्चों को छठ पूजा की परंपराओं के बारे में बताता है।

## बाबा महेंद्रनाथ सेवा मंच के सदस्यों होंगे सम्मानित

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** तारकेश्वर पांडे महाराजगंज(बिहार)बाबा महेंद्रनाथ सेवा मंच को बेहतरीन सेवा कार्य के लिए बिहार सरकार द्वारा सम्मानित करने के लिए चयन किया गया है। सेवा मंच के सदस्य आत्मा कुमार सिंह ने बताया, कि यह सम्मान सेवा मंच के सभी सम्मानित सदस्यों के लिए गर्व की बात है। इस सम्मान के लिए बिहार सरकार को सभी सम्मानित सदस्यों के तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार ,सेवा मंच, कांवरिया पथ में अजगैबीनाथ से बैजनाथ धाम तक सेवा रथ से मार्ग में डाक बम और कांवरिया बम की सेवा, बाबा महेंद्रनाथ धाम में शिव भक्तों की सेवा ,महाराजगंज के मौनिया बाबा मेला में श्रद्धालुओं की सेवा, वार्ड नंबर 8 कॅपिया जागीर में चैती और कार्तिकी छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं और भक्तों की सेवा करता है। सदस्य त्रिभुवन दुबे,आत्मा कुमार सिंह,अजित कुमार मोनू, शैलेंद्र कुंवर,डाक्टर शेषनाथ मिश्रा,पत्रकार तारकेश्वर पाण्डेय,एडवोकेट चन्दन सिंह,उज्जवल कुमार दुबे,देवेन्द्र नाथ कुँवर,श्यामणरायण प्रसाद, शम्भु गुप्ता,चन्दन दुबे,मोहित दुबे, शशिकांत तिवारी,नीतीश तिवारी , राजकिशोर सिंह,दरवेश आनंद,नागा सिंह,दिलीप सिंह,मुरारी सिंह,चंचल सिंह,हरिकिशोर सिंह,राजू तिवारी, किशोर सिंह,आदि सभी सदस्य बिहार सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 50 हजार दीपों से रोशन हुआ राम मंदिर

**अयोध्या (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य महल में बालकराम की पहली दीपावली पूरे भव्यता व शाही अंदाज में मनाई गई। हनुमान जयंती व दीपावली पर रामलला के दरबार में 50-50 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए। दीपावली पर रामलला ने रत्न व आभूषण जड़ित पीले वस्त्र में भक्तों को दर्शन दिया। इधर से दीपोत्सव में रिकॉर्ड बनाने के बाद उत्साहित अयोध्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रामलला व हनुमानगढ़ी के दरबार में भक्तों की कतार टूटने का नाम नहीं ले रही है।

वहीं दीपावली पर सुबह रामलला का भव्य श्रृंगार किया गया। रामलला ने पीतांबरी धारण किया। पीले रंग की सिल्क की धोती और वस्त्र पहनाए गए। पीले रंग के वस्त्र पर रेशमी कढ़ाई के साथ ही सोने और चांदी के तारों की कढ़ाई भी की गई थी। कई लड़ियों की माला और आभूषणों से भी शृंगार हुआ।

चांदी के तारों से बालक राम के पीले वस्त्रों वैष्णव प्रतीकों को सजाया गया। बालकराम की प्रतिमा के साथ ही चल प्रतिमा का भी भव्य शृंगार किया गया। इसके अलावा सोने के वर्क से सजी मिठाई को कई तरह के ड्राई फ्रूटस से तैयार किया गया। इसे अमेरिका की ब्लूबेरी, यूरोप के हेजेलनट के अलावा

## रवींद्र चव्हाण ने की डोंबिवली से 15 कोच वाली ट्रेन और महिला स्पेशल लोकल शुरू करने की पहल



**डोंबिवली।** डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार नामदार रवींद्र चव्हाण अब चौथी बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा नागरिकों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर नागरिकों के बीच अपने कार्य अहवाल की पुस्तिका वितरित की और उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत की। इस मौके पर डोंबिवली के स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने उनके समक्ष लोकल यात्रा को लेकर कुछ मांगें रखी। इस मौके पर रवींद्र चव्हाण ने नागरिकों से बातचीत करते हुए उनकी तमाम समस्याएं को जाना। इनमें उनकी मुख्य मांग थी कि डोंबिवली रेलवे स्टेशन के साथ-साथ कल्याण से भी 15 कोच की लोकल ट्रेन छोड़ी जाएं और महिला स्पेशल लोकल को डोंबिवली से भी छोड़ा जाए। इस पर चर्चा के बाद रवींद्र चव्हाण ने आश्वासन दिया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पूरी जानकारी दे दी गई है और जल्द ही सकारात्मक बदलाव लाएंगे। स्वर्गीय रामभाऊ म्हालगी और रामभाऊ कापसे का रेल यात्रियों से अटूट रिश्ता था। डोंबिवली के यात्रियों से मेरी हमेशा चर्चा होती रहती है। मैं उनकी सभी अपेक्षाओं और मांगों को वरिष्ठ स्तर तक पहुंचाऊंगा। रवींद्र चव्हाण ने जोर देकर कहा कि वह इस बात पर विशेष ध्यान देंगे कि इन समस्याओं का समाधान कैसे किया जाए।

## प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले 25 हजार श्रद्धालुओं को रेलवे देगा ठहरने की सुविधा



**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में युद्ध स्तर पर तैयारियों के बीच रेलवे ने भी यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के लिए कमर कस ली है। इसके तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25 हजार यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वहीं, लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिए प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। प्रयागराज के स्टेशनों पर भीड़ के प्रबंधन को लेकर कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। मेला प्राधिकरण के अनुमान, प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25 हजार यात्रियों के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है। इनमें से आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, तीन नैनी जंक्शन, दो छिवकी स्टेशन और एक सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर एक नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक यात्रियों को अलग-अलग रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। इन आश्रय स्थलों में उनके स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों की घोषणा के साथ रेलवे प्रशासन उन्हें सही ट्रेन तक पहुंचाने का भी प्रयास करेगा। इसके लिए आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग, ट्रेनों की दिशा के मुताबिक की गई है। लखनऊ और वाराणसी जाने वाले यात्रियों को लाल रंग के आश्रय स्थल, कानपुर के लिए हरे रंग जबकि सतना, मानिकपुर, झांसी की ओर जाने वालों को पीले रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा। अलग-अलग स्टेशनों पर आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग थोड़ी अलग-अलग भी है जिसकी जानकारी स्टेशनों पर लगी रहेगी।

## राष्ट्रीय एकता अखंडता दिवस का आयोजन,लौहपुरुष सरदार पटेल जयंती संपन्न



**मुंबई।** लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती पर समारोह का आयोजन महानगरी को ऑप क्रेडिट सोसाइटी मुलुंड प पर किया गया. समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ बाबूलाल सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर समाज सेवक बीरेंद्र पाठक अध्यक्ष महानरी मित्र मण्डल, प्रदीप गांगुर्डे उपाध्यक्ष, डॉ. सचिन सिंह अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन, योगेंद्र श्रीवास्तव फिल्म निमार्ता, सुरेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष, सुनीता श्रीवास्तव मैनेजर, राम अचल पटेल, कमला मुरारी सिंह, समाज सेवी अवधेश पटेल, गायत्री सिंह, आरती सिंह, राजकुमार सिंह, रवि बरनवाल,मनोज सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. इस अवसर पर बोलते हुए डॉ बाबूलाल सिंह पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की 600 से अधिक रियासतों को देश में मिला कर देश को एकसूत्र में बांधने एवं देश की एकता अखंडता की नींव रखने का कार्य सरदार पटेल ने किया। बीरेंद्र पाठक ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि सरदार पटेल एक बार ठान लेते थे कि यह करना है तो करना है। गुजरात में सोमनाथ का भव्य मंदिर प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## भीषण सड़क हादसे में श्रद्धालुओं से भरी बस भिड़ी, एक की मौत




**बस्ती (उत्तरशक्ति)।** जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के टांडा पुल के पास भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आप को बता दें श्रद्धालुओं से भरी बस अम्बेडकरनगर से बस्ती की तरफ आ रही थी, बस्ती के कलवारी थाना में टांडा पुल के पास ओवर टेक के चक्कर में आपस में तीन गाड़ियां भिड़ गई, बस, बोलेरो और टैंपो में जबरदस्त टक्कर हो गई, टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों गाड़ियां लड़ने के बाद पलट है, बस सड़क के किनारे पलटा, बोलेरो और टेंपो खाई में पलट गया, टैंपो में सवार चार बच्चे पानी में डूबने लगे, जिनको ग्रामीणों ने बचाया, स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ियों को खाई से बाहर निकाला, घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसपी ओपी सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे, घायलों को अस्पताल भिजवाया, उन्होंने बताया कि जैसे ही एक्सीडेंट की सूचना मिली कि तीन गाड़ियां आपस में लड़ कर पलट गई, तत्काल मैं और सीएमओ घटना स्थल पर पहुंचे, घायलों को अस्पताल पहुंचने के लिए 8 एम्बुलेंस लगाया गया साथ ही जल से जल्द घायलों को रेस्क्यू करने के लिए पूरी मशीनरी लगा दी गई, इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उन का इलाज चल रहा है।


